उतर कर माँ पहाड़ो से | By Neeraj Sharma

उतर कर माँ पहाड़ो से मेरे घर भी चली आओ
बुलाये दास माँ तेरा मेरे घर भी चली आओ
उतर कर माँ पहाड़ो से ....

बड़ा बेचैन दिल मेरा तेरा दीदार पाने को
करो ना देर अब मैया मेरे भी घर पे आने को
तरस रहे नैन मेरे माँ, झलक अपनी तो दिखलाओ
उतर कर माँ पहाड़ो से ....

भगत नन्द लाल की तुमने मैया जी लाज राखी थी
जगा कर ज्योत तेरी माँ लगा बैठा तेरी अर्ज़ी
करो नज़रे भी मुझ पे माँ, के अर्ज़ी को ना ठुकराओ
उतर कर माँ पहाड़ो से ....

बड़ी मुश्किल से मैया जी ये शुभ दिन आज आया है
भजन तेरा करा के माँ सभी को घर बुलाया है
ये नीरज दास माँ तेरा, भजन इसके भी सुन जाओ
उतर कर माँ पहाड़ो से ....

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%89%e0%a4%a4%e0%a4%b0-%e0%a4%95%e0%a4%b0-%e0%a4%ae%e0%a4%be%e0%a4%81-%e0%a4%aa%e0%a4%b9%e0%a4%be%e0%a4%a1%e0%a4%bc%e0%a5%8b-%e0%a4%b8%e0%a5%87-by-neeraj-sharma/